झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–16.05.2018

- मुख्यमंत्री ने पलामू जिले की मलय जलाशय योजना एवं गढ़वा जिले की अन्नराज जलाशय योजना की सिंचाई क्षमता को पुनर्बहाल करने एवं नहर प्रणाली का पुनरूद्धार एवं लाईनिंग कार्य का ऑनलाईन शिलान्यास किया
- पलामू एवं गढ़वा जिला की लाईफ लाइन है मलय एवं अन्नराज जलाशय योजना:- रघुवर दास, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य में सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हर खेत में पानी पहुंचे और किसान की आय में दोगुणी वृद्धि हो, इस हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध प्रयास कर रही है। गांव, गरीब और किसान का समग्र विकास ही सरकार का लक्ष्य है। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने आज झारखण्ड मंत्रालय के सभागार में पलामू जिले की मलय जलाशय योजना एवं गढ़वा जिले की अन्नराज जलाशय योजना की सिंचाई क्षमता को पुनर्बहाल करने एवं नहर प्रणाली का पुनरूद्धार एवं लाईनिंग कार्य का ऑनलाईन शिलान्यास करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मलय जलाशय योजना के पुनर्बहाल होने से पलामू जिला के सतबरवा प्रखण्ड के 27 गांव, मेदिनीनगर प्रखण्ड के 42 गांव एवं लेस्लीगंज प्रखण्ड के 36 गांव लाभान्वित होंगे। 63 हजार अनुसूचित जाति एवं जनजाति की आबादी सहित 1 लाख 55 हजार लोगों को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पुनरूद्धार कार्य में मलय मुख्य नहर के 5.34 कि.मी. से 40.839 कि.मी. तक लेस्लीगंज शाखा नहर के 30.506 कि.मी. तक पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य किया जाएगा। डैम की मरम्मति एवं अन्य क्षतिग्रस्त संरचनाओं का पुनरूद्धार कार्य कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि अन्नराज जलाशय योजना के पुनरूद्धार होने से गढ़वा जिले के **42** गांवों के **4632** हेक्टयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। परियोजना के पूर्ण होने पर कितासोती कला, कितासोती खुर्द, बालीगढ़, चेरीपोखर, बेलहारा, खोन्हर, गिजना, करूआ कला, करूआ, करूआ खुर्द, बनपुरवा, रंका, डुमरिया, तिलदाग, तिवारी मरहटिया, दूबे मरहटिया आदि गांव के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि अन्नराज जलाशय योजना का पुनरूद्धार एवं क्षतिग्रस्त नहर का लाइनिंग कार्य 84.68 करोड़ रूपये की लागत से राज्य सरकार द्वारा शुरू कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में अन्नराज मुख्य नहर के 14.812 कि.मी. एवं आद्रा मुख्य नहर के 12.00 कि.मी. तक पुनरूद्धार एवं लाइनिंग कार्य करते हुए योजना के हेड रेगुलेटर, सी.डी. संरचना, आउटलेट तथा बीच में अवस्थित पुल का निर्माण एवं मरम्मति किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पलामू एवं गढ़वा जिले के साथ-साथ पूरे राज्य में सिंचाई योजनाओं का तीव्र विकास करना सरकार की प्राथमिकता है। इस हेतु पूरे झारखण्ड में पूर्व निर्मित सिंचाई योजनाओं की खोई सिंचाई क्षमता को पुनर्बहाल करने के लिए पूर्व में 15 सिंचाई योजनाओं के पुनरूद्धार का कार्य 637 करोड़ रूपये की लागत से स्वीकृत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में **22** सिंचाई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान कर इनका कार्य भी प्रारम्भ किया जाएगा। इन **22** योजनाओं को **414** करोड़ रूपये की लागत राशि से पूरी की जाएगी, इससे **23520** हेक्टयर सिंचाई क्षमता पुनर्बहाल किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में लघु सिंचाई प्रक्षेत्र में चेकडैम की **495** योजनाओं का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। 812 चेकडैम का कार्य 2018-19 में पूर्ण कराने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त कर 70688 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का सृजन किया जा सकेगा। इसके अलावे 134 पुनर्स्थापन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है। 431 पुनर्स्थापन योजनाओं का कार्य इस वर्ष पूरी कर ली जाएगी। इस कार्य पूर्ण होने से 31182 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता पुर्नस्थापित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पलामू प्रमण्डल में सिंचाई व्यवस्था को विकसित कर किसानों को समृद्ध किये जाने पर राज्य सरकार विशेष फोकस कर रही है। इन योजनाओं के अतिरिक्त भी पलामू प्रमण्डल में सदावह सिंचाई योजना, बुटनडुबा जलाशय योजना, सोनरे सिंचाई योजना, जिंजोई सिंचाई योजना, दानरो जलाशय योजना, पण्डरवा जलाशय योजना, बतरे जलाशय योजना, रामघाट सिंचाई योजना, नकटीनाला जलाशय योजना, तथा उपरी करवार सिंचाई योजना, बिरहा सिंचाई योजना, चोरडण्डा सिंचाई योजना, फुलवरिया सिंचाई योजना सहित 14 पुरानी सिंचाई योजना का पुनरूद्धार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के अतिरिक्त कनहर सिंचाई परियोजना के डीपीआर पर सीडब्लूसी की सहमति प्राप्त कर ली गई है। 1903 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना का कार्यान्वयन हो जाने पर गढ़वा जिला में 53,000 हेक्टेयर भूमि का पटवन हो सकेगा।

ऑनलाईन शिलान्यास के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पलामू सांसद श्री बी.डी.राम और स्थानीय विधायक श्री आलोक चौरसिया ने मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास को बधाई और धन्यवाद दिया।

सांसद श्री बी.डी.राम ने कहा कि राज्य सरकार ने पलामू के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष ध्यान दिया है। पलामू वासियों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। मलय जलाशय एवं अन्नराज जलाशय योजना का शिलान्यास होने से पलामू के किसानों में एक नयी उर्जा का संचार हुआ है। पूरा विश्वास है कि इन योजनाओं का सीधा लाभ इस क्षेत्र के किसानों को मिलेगा और किसान समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले तीन वर्षों में राज्य के तीव्र विकास के लिए हर सेक्टर में अच्छा कार्य किया है।

स्थानीय विधायक श्री आलोक चौरसिया ने कहा कि मलय जलाशय एवं अन्नराज जलाशय योजना का शिलान्यास होना यह दर्शाता है कि राज्य सरकार किसानों के हित के लिए सदैव तत्पर है। पलामू एवं गढ़वा जिले में इन सिंचाई योजनाओं का पुनरूद्धार होना यहां के किसानों के लिए एक नायाब तोहफा है।

ऑनलाईन शिलान्यास के अवसर पर मुख्य सचिव श्री सुधीर त्रिपाठी, अपर मुख्य सचिव श्री डी.के.तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ सुनील कुमार वर्णवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।